कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
वन भवन, चतरा— 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

पत्रांक 39 दिनांक 6/1/17

सेवा में,

श्री आलोक कुमार,
उप महाप्रबंधक,
विभागाध्यक्ष (पर्यावरण एवं वन),
सी0सी0एल0 दरभंगा हाउस,
जिला राँची।

विषयः— मेसर्स सी0सी0एल0 के पुरनाडीह परियोजना हेतु 323.49 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः— इस कार्यालय का पत्रांक 2938 दिनांक 26.09.2016, पत्रांक 2981 दिनांक 29.09.2016, पत्रांक 3298 दिनांक 05.11.2016, पत्रांक 2479 दिनांक 28.11.2016, पत्रांक 3633 दिनांक 08.12.2016 एवं पत्रांक 3818 दिनांक 26.12.2016

महाशय,

कृपया प्रसंगाधीन पत्र का अवलोकन किया जाय। प्रसंगाधीन पत्र द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई थी अनुपालन प्रतिवेदन अनेक पत्र एवं स्मार के बावजूद भी अबतक अप्राप्त है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, झारखण्ड, राँची ने अपने पत्रांक 5066 दिनांक 04.11.2016 द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर प्रतिवेदन एवं अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निदेश प्राप्त है।

1. प्रस्तावित जंगल झाड़ी भूमि उपायुक्त, चतरा से निर्गत अनापति प्रमाण—पत्र।
2. प्रस्तावित जंगल झाड़ी भूमि 1152.60 हे0 के संदर्भ में उपायुक्त, चतरा द्वारा वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत निर्गत प्रमाण—पत्र (इस क्रम में हुई बैठक की कार्यवाही के साथ)।
3. प्रश्नगत परियोजना के पुरे लीज क्षेत्र में अवस्थित सभी गैर वनभूमि का सक्षम राजस्व पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित Land Schedule.
4. एन0पी0भी0 जमा करने हेतु वचनबद्धता प्रमाण—पत्र।
5. इसके अतिरिक्त पुरे लीज हेतु प्रस्तावित 832.94 हे0 का भारत सरकार द्वारा निर्गत संशोधित पर्यावरणीय स्वीकृत पत्र की भी मांग की गई थी जो अबतक अप्राप्त है। शीघ्र समर्पित की जाय।

अतः अनुरोध है कि उल्लेखित बिन्दुओं का अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि सरकार को प्रतिवेदित किया जा सकें।

विश्वासभाजन,

06.01.17

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

6/1/17